# भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर

## हिंदी पखवाडा-2015 एक रिपोर्ट

भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर में दिनांक 15 से 30 सितंबर 2015 के दौरान हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 15.09.2015 को संस्थान के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए आयोजित हिंदी कार्यशाला के साथ हुआ।

दिनांक 22.09.2015 को संस्थान के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए पत्र लेखन और पहेलियाँ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । दिनांक 23.09.2015 को संस्थान के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उसी दिन ही संस्थान के कार्यदक्षों और हेल्परों के लिए श्रुतलेखन प्रतियोगिता आयोजन किया गया । दिनांक 24.09.2015 को संस्थान के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए हिंदी-अंग्रेजी शब्द ज्ञान तथा अनुवाद प्रतियोगिता और इंटर नेट अच्छा है या बुरा शीर्षक पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजन किया गया । संस्थान के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए दिनांक 28.09.2015 को समाज के विकास में महिलाओं का योगदान शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता आयोजन किया गया । विद्यार्थियों के लिए दिनांक 28.09.2015 को विज्ञान की प्रगति में हिंदी का योगदान विषय पर निबंध आयोजित किया गया । फाइलों पर अधिक से अधिक काम करने की दिशा में कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रोत्सहित करने के लिए दिनांक 29.09.2015 को टिप्पण तथा आलेखन प्रतियोगिता आयोजन किया गया। कार्यदक्षों और हेल्पर वर्ग के कर्मचारियों के लिए श्रुतलेखन प्रतियोगिता आयोजन किया गया । संस्थान हिंदी के प्रसार की गतिविधियों को कर्मचारियों में सीमित न रख कर कर्मचारियों के परिजनों तक पहुंचने के लिए प्रयास किया है । उनके परिजनों के लिए हिंदी में स्वरचित कविता अथवा अपने जीवन की एक स्मरणीय घटना के बारे में लिखने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया ।




छायाचित्र-हिंदी पखवाडा समापन समारोह में मंचासीन अतिथिगण ( प्रो. सुधाकर पंडा (बाएं) , प्रो. एस.के. जोशी (बीच में) प्रो. बी.आर. शेखर (दाएं )

दिनांक 30 सितंबर 2015 को 11.30 बजे हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में परंपरानुसार अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. एस.के. जोशी, प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, सीएसआइआर तथा अध्यक्ष, शासी परिषद, भौतिकी संस्थान ने की। कार्यक्रम की शुरुआत राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष तथा रजिस्ट्रार प्रो.बी. आर. शेखर ने उपस्थित अतिथियों, सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को स्वागत किया और राजभाषा नीति के अनुपालन में संस्थान की उपलब्धियों पर संक्षिप्त विवरण प्रदान किया । संस्थान के निदेशक प्रो. सुधाकर पण्डा ने अपने वक्तव्य में हिंदी पखवाडा के दौरान हुई प्रगति के बारे में बताया। उन्होनें उपस्थित सभी सहकर्मियों से हिंदी में कार्य करने हेतु अपील की। मुख्य अतिथि प्रो. जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी सहज, उदार तथा सरल भाषा है । विज्ञान तथा तकनीकी विषयों के कठिन शब्दों को सरल बनाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास होने चाहिए । ताकि सामान्य जनता समझ सकें और ग्रहण कर सकें। सरकार की विभिन्न विकासमूलक योजनाओं को सफल बनाने के लिए लोगों की भाषा में योजनायें लिखी जानी चाहिंए । संस्थान अपनी वेबसाइट को हिंदी में बनाकर आकर्षक करना चाहिए। कहा कि संस्थान में हम निरंतर प्रयास करेंगे कि हिंदी की गतिविधियों कैसे बढ़ाया जा सके जिससे कि आगामी वर्ष इस दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में और अच्छी सहभागिता देखने को मिलें।

तदोपरांत श्री भगबान बेहेरा ने विजयी प्रतिभागियों की घोषणा की और विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के कर कमलों से पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान कुल 35 पुरस्कार तथा 12 सांत्वना पुरस्कार वितरित किए गए। तत्पश्चात धन्यवाद ज्ञापन देते हुए श्री बेहेरा ने संपूर्ण आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया । कार्यक्रम राष्ट्रीय संगीत गान के साथ समाप्त हुआ ।

**000===000**

# भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर

## <u>हिंदी दिवस 2015 : एक रिपोर्ट</u>

भौतिकी संस्थान भुवनेश्वर में दिनांक 14 सितंबर 2015 को "हिंदी दिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित सदस्यों के स्वागत से हुई । कार्यक्रम के अध्यक्ष संस्थान के निदेशक प्रो. सुधाकर पंडा, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री के. पद्मनाभन, उप-विधि सलाहाकार, परमाणु उर्जा विभाग, मुंबई का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ करत हुए और कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए श्री भगबान बेहेरा ने राजभाषा के ऐतिहासिक पहलुओं पर प्रकाश डाला और सभी को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। श्री बेहेरा ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं कर्मचारियों का मुक्त हृदय से स्वागत किया एवं सभी को हिंदी दिवस की बधाई दी।

तदुपरांत श्रीमती (डॉ) मृदुला सिन्हा, मान्यवर राज्यपाल गोवा, द्वारा रचित **<u>हिंदी भारत माँ की बिंदी</u>** हिंदी गीत का प्रयोग करके कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। सुश्री लिपिका साहु ने हिंदी दिवस पर मान्यवर गृह मंत्री, भारत सरकार द्वारा प्रेषित संदेश पठन किया। श्री रणवीर सिंह ने हिंदी दिवस पर डॉ. रतन कुमार सिन्हा, मान्यवर अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग, तथा सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई द्वारा प्रेषित संदेश पठन किया। निदेशक महोदय ने अपने वक्तव्य में सभी को हिंदी दिवस की बधाई दी और इसके साथ ही उन्होंने सभी उपस्थित जनगणमान्यों से अपना सरकारी दैनिक कार्य हिंदी में करने की अपील की। मुख्य अतिथि श्री के. पद्मनाभन ने अपने वक्तव्य में हिंदी के महत्वपर्ण बिंदुओं पर चर्चा की और हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने में हमारी कर्त्तव्यों का स्मरण कराया । अंत में श्री भगबान बेहेरा ने उपस्थित अतिथि, संकाय सदस्यों, शोधछात्रों, कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया ।

**000===000**

# भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर

## <u>हिंदी पखवाडा-2015 एक रिपोर्ट</u>

भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर में दिनांक 15 से 30 सितंबर 2015 के दौरान हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 15.09.2015 को संस्थान के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए आयोजित हिंदी कार्यशाला के साथ हुआ।

दिनांक 22.09.2015 को संस्थान के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए पत्र लेखन और पहेलियाँ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । दिनांक 23.09.2015 को संस्थान के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उसी दिन ही संस्थान के कार्यदक्षों और हेल्परों के लिए श्रुतलेखन प्रतियोगिता आयोजन किया गया । दिनांक 24.09.2015 को संस्थान के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए हिंदी-अंग्रेजी शब्द ज्ञान तथा अनुवाद प्रतियोगिता और इंटर नेट अच्छा है या बुरा शीर्षक पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजन किया गया । संस्थान के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए दिनांक 28.09.2015 को समाज के विकास में महिलाओं का योगदान शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता आयोजन किया गया । विद्यार्थियों के लिए दिनांक 28.09.2015 को विज्ञान की प्रगति में हिंदी का योगदान विषय पर निबंध आयोजित किया गया । फाइलों पर अधिक से अधिक काम करने की दिशा में कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रोत्सहित करने के लिए दिनांक 29.09.2015 को टिप्पण तथा आलेखन प्रतियोगिता आयोजन किया गया। कार्यदक्षों और हेल्पर वर्ग के कर्मचारियों के लिए श्रुतलेखन प्रतियोगिता आयोजन किया गया । संस्थान हिंदी के प्रसार की गतिविधियों को कर्मचारियों में सीमित न रख कर कर्मचारियों के परिजनों तक पहुंचने के लिए प्रयास किया है । उनके परिजनों के लिए हिंदी में स्वरचित कविता अथवा अपने जीवन की एक स्मरणीय घटना के बारे में लिखने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया । दिनांक 30 सितंबर 2015 को 11.30 बजे

हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में परंपरानुसार अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. एस.के. जोशी, प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, सीएसआइआर तथा अध्यक्ष, शासी परिषद, भौतिकी संस्थान ने की। कार्यक्रम की शुरुआत राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष तथा रजिस्ट्रार प्रो.बी. आर. शेखर ने उपस्थित अतिथियों, सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को स्वागत किया और राजभाषा नीति के अनुपालन में संस्थान की उपलब्धियों पर संक्षिप्त विवरण प्रदान किया । संस्थान के निदेशक प्रो. सुधाकर पण्डा ने अपने वक्तव्य में हिंदी पखवाडा के दौरान हुई प्रगति के बारे में बताया। उन्होनें उपस्थित सभी सहकर्मियों से हिंदी में कार्य करने हेतु अपील की। मुख्य अतिथि प्रो. जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी सहज, उदार तथा सरल भाषा है । विज्ञान तथा तकनीकी विषयों के कठिन शब्दों को सरल बनाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास होने चाहिए । ताकि सामान्य जनता समझ सकें और ग्रहण कर सकें। सरकार की विभिन्न विकासमूलक योजनाओं को सफल बनाने के लिए लोगों की भाषा में योजनायें लिखी जानी चाहिंए । संस्थान अपनी वेबसाइट को हिंदी में बनाकर आकर्षक करना चाहिए। कहा कि संस्थान में हम निरंतर प्रयास करेंगे कि हिंदी की गतिविधियों कैसे बढ़ाया जा सके जिससे कि आगामी वर्ष इस दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में और अच्छी सहभागिता देखने को मिलें।

तदोपरांत श्री भगबान बेहेरा ने विजयी प्रतिभागियों की घोषणा की और विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के कर कमलों से पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान कुल 35 पुरस्कार तथा 12 सांत्वना पुरस्कार वितरित किए गए। तत्पश्चात धन्यवाद ज्ञापन देते हुए श्री बेहेरा ने संपूर्ण आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया । कार्यक्रम राष्ट्रीय संगीत गान के साथ समाप्त हुआ ।

**000===000**